हम तुमसे कर लेते हैं हर बात साँवरे | by Tanya Pruthi

हम तुमसे कर लेते हैं हर बात सांवरे
हर ग्यारस को होती है मुलाकात सांवरे
हम तुमसे कर लेते हैं................

जब तेरा बुलावा आता हम खाटू आ जाते
नैनो से नैन मिलाते तेरा दर्शन पा जाते
हमको लगता है पकड़ा तूने हाथ सांवरे
हर ग्यारस को होती है मुलाकात सांवरे
हम तुमसे कर लेते हैं................

है चारों धाम का सुख तो हमें खाटू में मिलता
भक्तों का जीवन गुलशन तेरी कृपा से खिलता
तू प्रेम भरी देता है सौगात सांवरे
हर ग्यारस को होती है मुलाकात सांवरे
हम तुमसे कर लेते हैं................

जिसने भी दिल का टांका है तुमसे जोड़ लिया
उसके कदमो को अपने राहों में मोड़ दिया
अमृत की होती रहती बरसात सांवरे
हर ग्यारस को होती है मुलाकात सांवरे
हम तुमसे कर लेते हैं................

है भाग्य हमारा हमने तेरा द्वारा देख लिया
अपनी सेवा हमें देकर तूने उपकार किया
चोखानी के भी बदले बबलू के भी बदले हालात सांवरे
हर ग्यारस को होती है मुलाकात सांवरे
हम तुमसे कर लेते हैं................

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%b9%e0%a4%b0-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%a4/